फर्द अहकाम

सूरज यादव **बनाम** ओम शिव प्रोपर्टीज व अन्य

नाम न्यायालय

केस संख्या 137/2021 (टी-आई)

क्रम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	17/7/23	यह पत्रावली आज दिनांक को प्रार्थी (वादी) द्वारा प्रा. पत्र शीघ्र सुनवाई/ पत्रावली नियत तारीख पेशी से तलब किए जाने के प्रस्तुत किए जाने पर नियत तारीख पेशी से तलब कराकर पेश उठे। प्रार्थनापत्र शामिल मिसल किया। प्रार्थी (वादी) द्वारा एक अन्य प्रार्थनापत्र बाबत वाद। प्रार्थनापत्र विड्रॉ किए जाने के प्रस्तुत कर कथन किया है कि पक्षकारान में आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है। जिससे अब प्रार्थी प्रकरण में कोई अनुतोष नहीं चाहकर प्रकरण को अपने प्रा. पत्र टी-आई. से इसी स्तर पर विड्रॉ करना चाहता है। अतः प्रा. पत्र स्वीकार किया जाकर प्रकरण को विड्रॉ की अनुमति दी जाकर खारिज कराया जावे। प्रार्थी द्वारा पहचान के लिए में आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित प्रति पेश की गई है तथा प्रार्थी की पहचान अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा भी की गई है। हमने प्रार्थी वादी को सुना। चूंकि स्वयं प्रार्थी अब प्रकरण में अब टी-आई. व मूलवाद को भी अब आगे नहीं चलाना चाहता है अतः प्रार्थी का प्रार्थनापत्र टी आई. विड्रॉ के आधार पर खारिज किया जाता है। पत्रावली बैकलॉग होकर दर्ज रजिस्टर हो) बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।	विशेष विवरण

उपखण्ड अधिकारी